भारत सरकार
सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 802**

07.02.2024 को उत्तर देने के लिए

**आय असमानता**

802. श्रीमती अपरूपा पोद्दार:

क्या **सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार देश में आय असमानता से अवगत है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) देश के सबसे अमीर एक प्रतिशत लोगों की आय का 2014-15 से 2023-24 तक वर्ष-वार हिस्सा कितना रहा है;

(ग) देश के सबसे अमीर दस प्रतिशत लोगों की आय का 2014-15 से 2023-24 तक वर्ष-वार हिस्सा कितना रहा है;

(घ) 2023 में भारत और प्रत्येक राज्य का जीनी गुणांक राज्य-वार कितना है;

(ङ) 2005 से 2023 तक भारत का जीनी गुणांक वर्ष-वार कितना रहा है; और

(च) केंद्र सरकार द्वारा 2014 से सकल निवेश राज्य-वार कितना है?

**उत्तर**

**सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), योजना मंत्रालय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), तथा कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय राज्य मंत्री [राव इंद्रजीत सिंह]**

(क) से (च): सरकार आय असमानता संबंधी आँकड़ों का संकलन नहीं करती है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा घरेलू उपभोग व्यय संबंधी डाटा संगृहीत किया जाता है जो उपभोग व्यय संबंधी असमानता दर्शाता है। इसके अलावा, सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय प्रत्येक वर्ष "राष्ट्रीय लेखा सांख्यिकी" का प्रकाशन करता है जिसमें अन्य विषयों के साथ-साथ सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी), राष्ट्रीय आय आदि संबंधी समेकित आकलन शामिल होते हैं|

*****